प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
17.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश में आज 51 शहरी निकाय चुनावों के लिए डाले जा रहे वोट। 3 लाख 60 हजार से अधिक मतदाता करे रहे मताधिकार का प्रयोग।
- नगर परिषदों व नगर पंचायतों के चुनाव परिणाम आज शाम तक जबकि चार नगर निगमों के मतों की गिनती 31 मई को होगी।
- किन्नौर जिला में ठोस कचरा प्रबंधन पर सक्रियता से किया जा रहा है कार्य– केंद्र सरकार के नियमों की दी जा रही जानकारी।
- आईपीएल क्रिकेट में आज धर्मशाला में आर.सी.बी. और पंजाब किंग्स की टीमें होंगी आमने–सामने।

..............................................................................

शहरी निकाय चुनाव

प्रदेश में आज 51 शहरी निकाय चुनावों के लिए वोट डाले जा रहे हैं। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो सायं 3 बजे तक चलेगा। शहरी निकायों में 449 में से 439 पदों के लिए एक हजार एक सौ 47 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें 196 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। शहरी निकाय चुनाव के लिए 3 लाख 60 हजार 859 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि यदि मतदान के दिन मतदाता के पास किसी कारणवश मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो उसके स्थान पर किसान पासबुक, राशनकार्ड, जाति प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड जैसे 17 दस्तावेज़ों में से कोई एक दस्तावेज दिखाया जा सकता है। नगर निगम के चुनाव पार्टी चिन्ह पर करवाए जा रहे हैं और मुख्य मुकाबला कांग्रेस व भाजपा के बीच माना जा रहा है। 25 नगर परिषदों और 22 नगर पंचायतों के परिणाम मतदान के बाद आज शाम को ही आ जाएंगे। इसके अलावा नगर निगमों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी।

..............................................................................

मंडी–चुनाव

मंडी जिला में आज शहरी निकाय चुनावों के लिए मतदान प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हो गई है, जो दोपहर तीन बजे तक चलेगी। चुनाव को लेकर लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। तेज धूप को देखते हुए बड़ी संख्या में मतदाता सुबह ही मतदान केंद्रों पर पहुंच गए। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त अपूर्व देवगन के अनुसार जिले में कुल 63 हजार 112 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनके लिए 90 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं।

विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता।

*चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए 538 अधिकारी–कर्मचारी और 180 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। आज नगर निगम मंडी के 14 वार्डों सहित नगर परिषद सुंदरनगर, जोगिन्द्रनगर, नेरचौक, सरकाघाट तथा नगर पंचायत रिवालसर और करसोग में मतदान हो रहा है। नगर निगम मंडी में सबसे अधिक 42 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील की है।*

.........................................................................................

सिरमौर–चुनाव

सिरमौर जिला में नगर निकाय चुनाव को लेकर मतदान प्रक्रिया आज सुबह ठीक 7 बजे शुरू हुई। मतदान केंद्रों के बाहर मतदाताओं की भीड़ देखने को मिल रही है। सिरमौर जिला में दो नगर परिषद और एक नगर पंचायत के लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। इस दौरान कुल 40 हजार 133 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिनमें 20 हजार 138 महिला मतदाता शामिल हैं। प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने नगर परिषद के वार्ड नंबर 5 स्थित बूथ नंबर 2 में सुबह सबसे पहले परिवार सहित मतदान किया। उन्होंने नगर परिषद नाहन में भाजपा की जीत का दावा किया।

बाईट....डॉ राजीव बिंदल, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा

*नाहन में स्पष्ट मुद्दा है साढ़े तीन–चार साल में कांग्रेस ने नाहन के लिए एक फुटी कौड़ी का काम नहीं किया और जनता ने मन बनाया है नाहन में एंटी कांग्रेस वोट करने का और ऐसे में जो भाजपा समर्पित जो उम्मीदवार है उनकी तरफ जनता का रूझान है।*

.........................................................................................

सोलन

सोलन नगर निगम के 17 वार्डों के चुनाव के लिए 38 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें दो केवल महिलों के लिए बनाएं गए है। आज सुबह से ही लोग कतारों में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए नगर निगम सोलन में कुल 34 हजार एक सौ 47 मतदाताओं में 17 हजार 2 सौ 74 पुरूष तथा 16 हजार 8 सौ 72 महिला मतदाता है जब कि एक ट्रांसजेंडर मतदाता हैं ।

.........................................................................................

ठोस कचरा प्रबंधन

जनजातीय जिला किन्नौर में ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। हिलिंग हिमालय फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मैनेजर सुमन नेगी ने बताया कि संस्था द्वारा विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। जिसमें केंद्र सरकार के एक अप्रैल 2026 से लागू ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि किन्नौर में फाउंडेशन के तीन एमआरएफ केंद्र पूह, सांगला और पोवारी में संचालित हैं, जहां विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा के सहयोग से ठोस कचरे का निस्तारण किया जा रहा है।

विस्तृत ब्यौरा हमारी किन्नौर जिला संवाददता से

*उन्होंने कहा कि टीम होटल, होमस्टे और घर–घर जाकर लोगों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करती है। विशेष रूप से स्कूलों के बच्चों को सिविक सेंस और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में शिक्षित किया जा रहा है।*

*हिलिंग हिमालय फाउंडेशन प्रशासन और साडा के साथ मिलकर समय–समय पर सफाई अभियान भी चलाता है। हाल ही में सांगला क्षेत्र में सफाई अभियान आयोजित किया गया था, जबकि 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर भी विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमालयी क्षेत्रों और पहाड़ों से एकत्रित कचरे को एमआरएफ केंद्रों तक लाया जाता है, जहां उसका पृथक्करण (सेग्रीगेशन) किया जाता है। इसके बाद कचरे को एमसी शिमला और अन्य रीसाइक्लिंग इकाइयों तक भेजा जाता है। सुमन नेगी ने कहा कि भारत सरकार का उद्देश्य कचरे को सर्कुलर इकोनॉमी में शामिल करना है, ताकि नदी–नालों और खुले क्षेत्रों में कचरा डंपिंग कम हो और लैंडफिल पर निर्भरता घटे। उन्होंने कहा कि किन्नौर जैसे पहाड़ी क्षेत्रों में ठोस कचरा प्रबंधन की अत्यधिक आवश्यकता है, क्योंकि गांवों और पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने के साथ कचरे की मात्रा भी बढ़ रही है। संस्था एनजीओ, स्कूल, पंचायत प्रतिनिधियों और प्रशासन के सहयोग से लोगों के बीच जनजागरूकता फैला रही है।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि "अपने कचरे की जिम्मेदारी खुद लें, उसे कम करें, पुनरू उपयोग करें और रीसायकल करें। यह केवल प्रशासन या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।"*

.......................................................................................

लाहौल–स्पीति डंखर पंचायत

जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति की डंखर पंचायत के ग्रामीणों ने आपसी एकता और तालमेल की एक अनूठी मिसाल को पेश किया है। स्पीति के माने योगमा गांव निवासी अशोक के परिवार की तीनों बहुओं को पंचायत चुनाव में सर्वसम्मति से निर्विरोध चुन लिया गया है।

विस्तृत जानकारी के साथ लाहौल–स्पीति जिला संवाददता की ये रिपोर्ट

*जानकारी के अनुसार तंजिन छोड़ोन को प्रधान, सोनम छोकित को बीडीसी सदस्य और सोनम आंगमो को उप प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विशेष बात यह है कि एक ही परिवार की तीनों बहुओं को पंचायत ने अलग–अलग महत्वपूर्ण पदों के लिए विश्वास के साथ चुना है। इस फैसले की पूरे क्षेत्र में चर्चा हो रही है और लोग पंचायत की एकजुटता और परिपक्व सोच की सराहना कर रहे हैं। गांववासियों का कहना है कि आपसी सहमति का बनना गांव की एकता, खुशहाली और समृद्धि का प्रतीक है। ग्रामीणों का मानना है कि जब समाज मिलकर निर्णय लेता है, तो विकास और सामाजिक सौहार्द की राह और मजबूत होती है।*

.......................................................................................

कांगड़ा–पंचायती राज

जिला कांगड़ा में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों के तहत विभिन्न पदों पर कई उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। यह जानकारी देते हुए सहायक निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) सचिन ठाकुर ने बताया कि जिला के विभिन्न विकास खंडों में प्रधान, उपप्रधान, ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य तथा पंचायत समिति सदस्य पदों पर कुल एक हजार 6 सौ 80 उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। जिला परिषद सदस्य पद पर कोई उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रधान पद के लिए कुल 10 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं, जबकि उपप्रधान पद के लिए 8 उम्मीदवारों ने बिना मुकाबले जीत दर्ज की है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य पद पर सर्वाधिक एक हजार 657 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए 5 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। इंदौरा विकास खंड में सर्वाधिक 5 प्रधान निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। ग्राम पंचायत वार्ड सदस्य पद पर विकास खंड इंदौरा में सर्वाधिक 153, लंबागांव में 127, रैत में 121, सुलह में 88, देहरा में 119 तथा फतेहपुर में 103 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। पंचायत समिति सदस्य पद के लिए प्रागपुर, पालमपुर, नगरोटा बगवां, बड़ोह तथा रैत विकास खंड से एक–एक उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुआ है। /पीटीसी, विपन शर्मा

.......................................................................................

सिरमौर डीसी

शहरी निकाय चुनावों के अलावा प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के चुनावों को लेकर भी गतिविधियां जारी हैं। राज्य में इस बार 26, 28 और 31 मई को तीन चरणों में पंचायती राज चुनाव करवाए जा रहे हैं। कांगड़ा ज़िले में पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए सबसे अधिक 17 हज़ार 6 सौ 43 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

उधर, सिरमौर ज़िले में 28 पंचायतें निर्विरोध चुनी गई हैं और सरकार द्वारा इन्हें 25–25 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। ज़िला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका वर्मा ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए ज़िले में कुल 3 हज़ार 9 सौ 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आज़मा रहे हैं।

..........................................................................................

क्रिकेट

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आज आर.सी.बी. और पंजाब किंग्स के बीच आई.पी.एल. का एक अहम मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में खासा उत्साह है। ये मैच दोपहर बाद साढ़े 3 बजे शुरू होगा। अंक तालिका में आर.सी.बी. 16 अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं पंजाब किंग्स 13 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है और प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे ये मैच जीतना ज़रूरी है। धर्मशाला में कल होने वाले नगर निगम चुनाव को देखते हुए प्रशासन ने मैच देखने आने वाले क्रिकेट प्रेमियों के वाहनों के लिए वैकल्पिक पार्किंग व्यवस्था की है।

..........................................................................................

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी का शीर्षक है–हिमाचल में 4 नगर निगम सहित 51 शहरी निकाय चुनावों के लिए मतदान आज। अमर उजाला, दिव्य हिमाचल व हिमाचल दस्तक की एक जैसी सुर्खी है–शहरी निकायों के लिए मतदान आज। जबकि दैनिक जागरण का शीर्षक है–सत्ता के सेमीफाइनल के लिए मतदान आज।

हिमाचल दस्तक का कहना है–22 मई को होगी कैबिनेट बैठक।

मौसम पर दैनिक भास्कर के शब्द हैं–बढ़ने लगी गर्मी–मैदानी क्षेत्रों में 30 डिग्री पर पहुंचा पारा, 21 तक साफ रहेगा मौसम।

..........................................................................................

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश में आज 51 शहरी निकाय चुनावों के लिए डाले जा रहे वोट। 3 लाख 60 हजार से अधिक मतदाता करे रहे मताधिकार का प्रयोग।

- नगर परिषदों व नगर पंचायतों के चुनाव परिणाम आज शाम तक जबकि चार नगर निगमों के मतों की गिनती 31 मई को होगी।

- किन्नौर जिला में ठोस कचरा प्रबंधन पर सक्रियता से किया जा रहा है कार्य– केंद्र सरकार के नियमों की दी जा रही जानकारी।

- आईपीएल क्रिकेट में आज धर्मशाला में आर.सी.बी. और पंजाब किंग्स की टीमें होंगी आमने–सामने।

............................................................................................